नगर निगम वाराणसी

राजस्व विभाग

सर्वेयर/लेखपाल के 05 पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति हेतु सूचना

नगर निगम वाराणसी की सीमा के विस्तार के उपरांत सम्मिलित किए गए नवीन वार्डों एवं ग्रामों में राजस्व संबंधी कार्यों के सुचारु संचालन हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से 05 सर्वेयर/लेखपाल की सेवाएं ली जानी हैं।

कार्य एवं दायित्व :

- संपत्तियों का स्थलीय सर्वेक्षण एवं चिन्हांकन करना।
- संपत्तियों की GIS एवं राजस्व मानचित्रों के अनुसार मैपिंग करना।
- अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण संबंधी कार्यों में सहयोग प्रदान करना।
- जनसुनवाई एवं IGRS के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना।

अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता : ITI उत्तीर्ण।

नियुक्ति संबंधी प्रमुख शर्तें :

1. सेवानिवृत्त कार्मिक भी आवेदन हेतु पात्र होंगे, बशर्ते उनकी सेवानिवृत्ति को 05 वर्ष से अधिक की अवधि न हुई हो।
2. नियुक्ति प्रारंभ में 11 माह की अवधि के लिए की जाएगी। कार्य एवं सेवाएं संतोषजनक पाए जाने की स्थिति में अवधि बढ़ाई जा सकती है।
3. चयनित अभ्यर्थियों को नगर निगम का नियमित कर्मचारी नहीं माना जाएगा।
4. अनुशासनहीनता अथवा असंतोषजनक कार्य पाए जाने की स्थिति में 15 दिवस का नोटिस देकर सेवा समाप्त की जा सकती है।
5. सेवा संबंधी किसी भी विवाद के संबंध में नगर निगम के विरुद्ध कोई वाद दायर नहीं किया जा सकेगा।

आवेदन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया :

इच्छुक अभ्यर्थी अपना अद्यतन बायोडाटा तथा शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता से संबंधित प्रमाणपत्रों के साथ **जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), शहरी आजीविका केन्द्र (CLC), वाराणसी** में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

डूडा द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची नगर निगम को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् नगर निगम द्वारा पात्र अभ्यर्थियों से साक्षात्कार एवं अभिलेखों के सत्यापन सहित अग्रिम चयन प्रक्रिया हेतु स्वयं संपर्क किया जाएगा।

पंजीकरण की अंतिम तिथि : विज्ञापन जारी होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर।

सहायक नगर आयुक्त (राजस्व)
नगर निगम, वाराणसी